# राजकीय महाविद्यालय बहु में सिविल सर्विस दिवस मनाया



राजकीय कॉलेज बहु के स्टूडेंट्स।

**भास्कर न्यूज़ | सल्हावास**

राजकीय महाविद्यालय बहु में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सिविल सर्विस दिवस मनाया गया। इस समारोह के मुख्य वक्ता और संयोजक इतिहास विभाग के प्राध्यापक नरेंद्र कुमार रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सिविल सर्विस देश की सबसे प्रतिष्ठित सेवा है। सिविल सर्विस की तैयारी और उसमें अपना भविष्य बनाने के लिए जागरूक किया उन्होंने ब्रिटिश भारत में भारतीय सिविल सर्विस और आजादी के बाद तक के इतिहास पर विस्तृत व्याख्यान दिया। जब ब्रिटिश भारत में सिविल सेवा प्रारंभ की गई तब इसमें अंग्रेज अधिकारियों का ही एकाधिकार था भारतीयों को इस पद से बहुत लंबे समय तक वंचित रखा गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ब्रिटिश भारत में भारतीयों को सिविल सर्विस में बराबरी का दर्जा प्राप्त करने के लिए अपनी मांग पुरजोर तरीके से उठाई। प्राचार्य जितेंद्र भारतद्वाज ने को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. मोहन कमार, डॉ. सुनील कुमार, सुखबीर सिंह, मीडिया प्रभारी कुमारी मोनिका मौजूद रहे।

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा थे, राजा महेंद्र प्रताप सिंह : प्रो. नरेंद्र कुमार



सल्हावास | राजकीय महाविद्यालय बहू में राजा महेंद्र प्रताप सिंह की 43वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस समारोह के संयोजक और मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के प्राध्यापक नरेंद्र कुमार रहे। उन्होंने बताया कि राजा महेंद्र प्रताप सिंह भारत के स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, लेखक, क्रांतिकारी, समाज सुधारक और महान दानवीर थे। उनका जन्म एक ऊंचे राजघराने में हुआ था और वह स्वयं हाथरस रियासत के राजा थे। वह भारतीयों में आर्यन पेशवा के नाम से मशहूर थे। प्रथम विश्वयुद्ध से लाभ उठाकर भारत को आजादी दिलवाने के पक्के इरादे से वे विदेश गए। इसके पहले 'निर्बल सेवक' समाचार-पत्र देहरादून से राजा साहेब निकालते थे। अफगान के बादशाह से मुलाकात की और वहीं से 1 दिसम्बर 1915 में काबुल से भारत के लिए अस्थाई सरकार की घोषणा की जिसके राष्ट्रपति स्वयं तथा प्रधानमंत्री मौलाना बरकतुल्लाह खां बने। यह सरकार प्रथम विश्व युद्ध के दौरान बनी थी और भारत के बाहर संचालित हुई थी। आगे उन्होंने बताया कि महेंद्र प्रताप सिंह ऐसे पहले भारतीय थे, जिन्होंने वर्ष 1915 में अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में भारत की पहली निर्वाचित सरकार का गठन किया था। इस अवसर पर इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ, पंकज, डॉ, सुखबीर, प्रो. कुलबीर पूजा शर्मा मौजूद रहे।

# सविनय अवज्ञा आंदोलन का इतिहास में अद्वितीय स्थानः प्रो. नरेंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी



राजकीय महाविद्यालय बहु में बुधवार को आयोजित व्याख्यान में संबोधित करते प्रोफेसर नवीन। संवाद

सतनाली/झाड़ली। राजकीय महाविद्यालय बहु में सविनय अवज्ञा आंदोलन की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इतिहास विभाग की तरफ से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन के संयोजक और मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के प्राध्यापक नरेंद्र कुमार रहे। उन्होंने कहा की सविनय अवज्ञा आंदोलन इतिहास में अपना अद्वितीय स्थान रखता है।

कहा कि 1920 का उथल पुथल का दशक था। जिसमें भारत में अलग अलग विचारधाराओं के राजनीतिक लोग भारतीय लोगों को अलग अलग राह में ले जा रहे थे और अपने-अपने अधिकारों की मांग अपने ढंग से कर रहे थे। ऐसे समय में महात्मा गांधी ने नमक जो सबकी रोजमर्रा की वस्तु थी, को हथियार बनाकर समस्त भारतीय जनता को उनकी मांगों के साथ अंग्रेजी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए और अंग्रेजी हुकूमत की नीतियों को सविनय विरोध करने के लिए साथ लाए।

कहा कि आंदोलन को तीन चरणों में चलाया और अपनी मांगों को अंग्रेजी सरकार के समक्ष रखा । पहले चरण में महात्मा गांधी ने अपने साबरमती आश्रम से अपने 78 अनुयायियों के साथ 12 मार्च से 6 अप्रैल 1930 को 240 मील दूर समुद्र तट पर बसे दांडी पहुंचकर समुद्र के जल से नमक बनाकर अंग्रेजी सरकार के नमक कानून का उल्लंघन किया। देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसी ही नमक बनाकर नमक कानून का विरोध करने को कहा। इसी कड़ी में इतिहास विभागाध्यक्ष आदित्य गोयल ने बताया कि आंदोलन में गांधी के साथ देश के हर वर्ग मजदूर, किसान, महिलाएं, आदि ने कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन का साथ दिया। इस एकता को देखते हुए अंग्रेजी सरकार ने गांधी से संपर्क करके उनको आंदोलन स्थगित करके इंग्लैंड में होने वाली दूसरी गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए मना लिया। कहा कि दूसरे और तीसरे चरण में आंदोलन भले ही उतनी तेजी से नहीं चला हो, परंतु इसने साबित कर दिया था की भारत की जनता अब जागरूक हो गई है और अब इसको ज्यादा लंबे समय तक नहीं बहटा जा सकता। इसी कड़ी में महाविद्यालय की बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा ने सविनय अवज्ञा आंदोलन पर अपना व्याख्यान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने देश की आजादी की लड़ाई में हुए आंदोलनों की महत्ता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ पंकज, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सुखबीर सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ मोनिका व अन्य मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा थे मंगल पांडे : प्रो. नरेंद्र



राजकीय महाविद्यालय बहु में अमर शहीद मंगल पांडे पर व्याख्यान देते वक्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**साल्हावास।** राजकीय महाविद्यालय में में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के प्रथम शहीद मंगल पांडे की 165 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में इतिहास विभाग की तरफ से व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने मंगल पांडे को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का अग्रणी योद्धा बताया।

आयोजन के संयोजक और मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के प्राध्यापक नरेंद्र कुमार रहे। उन्होंने बताया कि मंगल पांडे एक ऐसे वीर योद्धा थे, जिन्होंने आजादी की पहली लड़ाई का बिगुल फूंका था और ब्रिटिश हुकूमत को अपने निडर व्यक्तित्व से भारतीयों की ताकत का एहसास करवाया था। उनके द्वारा शुरू किए गए विद्रोह के कारण सभी भारतीयों के मन में आजादी पाने की ज्वाला भड़क उठी थी। 29 मार्च 1857 को मंगल पांडे ने विद्रोह किया और दो अंग्रेज अफसरों पर गोलियां चला दी। इसी कारण उन पर कोर्ट मार्शल चलाया गया और 8 अप्रैल को उनको फांसी दे दी गई।

इतिहास विभाग के अध्यक्ष आदित्य गोयल ने बताया कि क्रांति के राष्ट्रव्यापी स्वरूप और भारतीयों में अंग्रेजी सरकार के प्रति बढ़ते आक्रोश को देखकर अंग्रेजी सरकार घबरा गई। क्रांति की विभीषिका को देखते हुए अंग्रेजी सरकार ने निर्ममता पूर्ण दमन की नीति अपनाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने बताया कि इसमें सिपाहियों के अलावा आम लोगों के विभिन्न वर्गों ने भी भागीदारी की थी। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा किरण ने शहीद मंगल पांडे पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ चंद्रभान, पूजा शर्मा, मीडिया प्रभारी डॉ मोनिका आदि शामिल रहे।

# 'लक्ष्मीबाई के नाम से ही थर-थर कांपती थी अंग्रेजी हुकूमत'

संवाद न्यूज एजेंसी



रानी लक्ष्मीबाई के बारे में जानकारी देते प्राध्यापक। संवाद

## राजकीय कॉलेज में रानी लक्ष्मीबाई की 194 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

सालहावास। गांव बहु स्थित राजकीय महाविद्यालय में इतिहास विभाग की तरफ से रानी लक्ष्मीबाई की 194 वीं जयंती के उपलक्ष्य में ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और संयोजक इतिहास विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर नरेंद्र कुमार रहे।

महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई साहस वीरता और नारी शक्ति की प्रतिमूर्ति थी। रानी लक्ष्मीबाई, जिन्हें झांसी की रानी भी कहा जाता है। 1857 के भारतीय विद्रोह में एक महान क्रांतिकारी थी। रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवंबर 1835 को वाराणसी शहर में हुआ था। उनका नाम मणिकर्णिका तांबे रखा गया और उनका उपनाम मनु रखा गया। भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में रानी लक्ष्मीबाई की शहीदी सभी भारतीयों के लिए प्रेरणादायक स्रोत है। 1857 का विद्रोह मेरठ में छिड़ गया था और रानी झांसी पर शासन कर रही थी।

1858 में सर ह्यूग रोज की कमान में ब्रिटिश सेना झांसी के किले पर कब्जा करने के इरादे से पहुंची। उन्होंने मांग की कि रानी लक्ष्मीबाई उनके सामने आत्मसमर्पण कर दे अन्यथा नष्ट कर दिया जाएगा। रानी लक्ष्मीबाई ने इंकार कर दिया और घोषणा की, उहम स्वतंत्रता के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे।

महारानी लक्ष्मीबाई अपने ही विश्वास पात्र व्यक्ति दुल्हेराम के द्वारा की गई धोखा बाजी के कारण झांसी की लड़ाई हार गई और रानी अपने शिशु पुत्र को अपनी पीठ पर बांधकर घोड़े पर सवार होकर कालपी की ओर निकली। तात्या टोपे और अन्य विद्रोही सैनिकों के साथ, रानी ने ग्वालियर के किले पर कब्जा कर लिया, बाद में, 23 वर्ष की आयु में 18 जून 1858 को ग्वालियर में लड़ते हुए रानी लक्ष्मीबाई की मृत्यु हो गई।

# राजकीय महाविद्यालय बहू में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



साल्हावास | राजकीय महाविद्यालय बहू में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस समारोह में मुख्य वक्ता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भारद्वाज और संयोजक इतिहास विभाग के प्राध्यापक नरेंद्र कुमार रहे। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को गुरु की महिमा से अवगत करवाया। इसी कड़ी में डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि यह पर्व हिन्दू पंचांग के हिन्दू माह आषाढ़ की पूर्णिमा मनाया जाता है। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मोहन कुमार ने बताया कि गुरु को धर्म की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता है। समारोह के संयोजक नरेंद्र कुमार ने बताया कि एक गुरु हमारे लिए अपना जीवन न्योछावर कर देता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रा. रीना, डॉ. सुखबीर सिंह, प्रा. कुलबीर सिंह, डॉ. पंकज, पूजा, डॉ. रविंद्र, डॉ. चंद्रभान, प्रा. रेखा बाई, प्रा. संगीता, प्रा. कुमारी मोनिका मौजूद रहे।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस पर जागरूकता रैली निकाली




**साल्हावास |** बहु झोलरी के राजकीय महाविद्यालय में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री व स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह की देखरेख में छात्राओं के द्वारा शिक्षा के महत्व विषय पर स्लोगन बनाए गए। तथा रैली के माध्यम से शिक्षा के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि आज के जीवन में रोटी, कपड़ा और मकान के बाद शिक्षा जीवन की मूलभूत आवश्यकता हैं। शिक्षा के माध्यम से ही हम जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों का समाधान कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सुनील कुमार डॉ. मोहन कुमार, प्रो. कुलबीर सिंह, डॉ. चंद्रभान, डॉ. रविंद्र सिंह, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मोनिका, प्रो. रेखा मौजूद रही।


GOVT. COLLEGE BAHU
(DISTT. JHAJJAR (HARYANA)


GOVT. COLLEGE B AHU
DISTT. JHAJJAR (HARYANA)


LLEGE BAHU
JJAR (HARYANA)
YEAR 2021



OVT. COLLEGE BAHU
DISTT. JHAJJAR (HARYANA)
GOVT. COLLEGE BAHU
(JHAJJAR)


GOVT. COLLEGE BAHU
DISTT. JHAJJAR HARYANA


GOVT. COLLEGE BAHU
(JHAJJAR)

# राजकीय महाविद्यालय बहु में मनाया गया बाल दिवस



सल्हावास | जिले के ग्रामीण अंचल में स्थित राजकीय महाविद्यालय बहु में इतिहास विभाग की तरफ से पंडित जवाहरलाल नेहरू की 133वीं जयंती के उपलक्ष में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार भारद्वाज रहे और संयोजक इतिहास विभाग के प्राध्यापक नरेंद्र कुमार रहे। डॉ. भारद्वाज ने आजादी से पहले और आजाद भारत में नेहरू की भूमिका को विस्तार से वर्णन किया।


Govt. College Bahu (Jhajjar)
आजादी का अमृत महोत्सव
Welcomes You
21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
GOVERNMENT COLLEGE BAHU (JHAJJAR)



# नियमित रूप से योग का अभ्यास जरूरीः रणवीर



साल्हावास । बहु झोलरी स्थित राजकीय महाविद्यालय बहु में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से संबंधित महाविद्यालय में परीक्षाओं के चलते छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जन-जागरूकता अभियान चला कर आयुष विभाग द्वारा एक करोड़ लोगों को जोड़े जाने के प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए विभाग ने प्रदेश के समस्त आयुर्वेद, होम्योपैथी, महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ संभागीय और जिला आयुष अधिकारियों को पत्र लिख कर सामूहिक प्रयास करने के निर्देश जारी किये हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए कई अन्य संगठन भी प्रयास कर रहे हैं। संवाद

# राजकीय महाविद्यालय बहु में मनाया गया बाल दिवस



सालहावास | जिले के ग्रामीण अंचल में स्थित राजकीय महाविद्यालय बहु में इतिहास विभाग की तरफ से पंडित जवाहरलाल नेहरू की 133वीं जयंती के उपलक्ष में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार भारद्वाज रहे और संयोजक इतिहास विभाग के प्राध्यापक नरेंद्र कुमार रहे। डॉ. भारद्वाज ने आजादी से पहले और आजाद भारत में नेहरू की भूमिका को विस्तार से वर्णन किया।

# राजकीय महाविद्यालय बहु में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम



**सल्हावास |** राजकीय महाविद्यालय बहु में यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम मनाया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी प्रो. रीना तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राज कुमार वर्मा और प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने पेड़ों के महत्व की जानकारी दी।





Gmail

Principal GC Bahu <gcwbahu@gmail.com>

# Report on Swachhata Pakhwada 1st to 15th August 2018 G. C. Bahu

Principal GC Bahu <gcwbahu@gmail.com>
To: snoharyana@gmail.com

Mon, Aug 27, 2018 at 1:23 PM

Sir,
Please find attachments.

Principal,
Govt. College Bahu
Distt. Jhajjar, Haryana
PIN- 124142

- 20180813_104840.jpg
- 20180813_105140.jpg
- Amar Ujala 10 Aug.jpg
- Dainik Bhaskar 7th August 2018..pdf
- IMG-20180815-WA0013.jpg
- IMG-20180815-WA0014.jpg
- IMG-20180825-WA0003.jpg
- IMG-20180825-WA0010.jpg
- IMG-20180825-WA0011.jpg
- IMG-20180825-WA0012.jpg
- IMG-20180825-WA0013.jpg
- IMG-20180825-WA0014.jpg
- IMG-20180825-WA0016.jpg

35 attachments

IMG-20180811-WA0023.jpg
95K

| 4. | Intensive cleaning of the adopted village (9th to 10th August, 2018) | Name of Universities /Institutions | Name of adopted village/ slums for intensive cleaning | No. of people made aware about the cleanliness so that they understand the dignity of labour and develop a habit of keeping their surroundings clean | No. of NSS Volunteers | | | Total Man Hours Devoted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Male | Female | Total | |
| | | G.C. Bahu | Khanpur Kalan | 200 | — | 50 | 50 | 08 |
| | Total | 01 | 01 | 200 | — | 50 | 50 | 08 |

| 5. | Intensive cleaning of the villages & selected Places (11th to 13th August, 2018) | Name of Universities /Institutions | Cleanliness Activities undertaken (No. of Hospitals, Dispensaries etc. may be given) | No. of NSS Volunteers | | | Total Man Hours Devoted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Male | Female | Total | |
| | a) Hospitals | | ------------ | ---- | ---- | ---- | ---- |
| | b) Dispensaries | Govt. College Bahu, Jhajjar | Cleanliness drive to PHC Bahu was taken No of Dispensaries - 01 | 00 | 23 | 23 | 03 |
| | c) Community Centers | | ------------ | ---- | ---- | ---- | ---- |
| | d) Old Age homes | | ------------ | ---- | ---- | ---- | ---- |
| | e) Historical Places | | ------------ | ---- | ---- | ---- | ---- |
| | f) Orphanages | | ------------ | ---- | ---- | ---- | ---- |
| | g) Centre for disabled | | ------------ | ---- | ---- | ---- | ---- |
| | h) Rehabilitation Centre | | ------------ | ---- | ---- | ---- | ---- |
| | i) Railway Station | | ------------ | ---- | ---- | ---- | ---- |
| | j) Bus stations | | Bus stand of Bahujolri was cleaned and people were aware about the cleanliness. No of Bus stand - 01 | 00 | 23 | 23 | 03 |

Anil

Reeny

Anil
Programme Officer
N.S.S.
Govt. College, Bahu (JJR)

25.08.18
Principal.
Govt. College
Babu (Jhajjar)

Scanned by CamScanner

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | k) Statues | | ---------- | | ----- | ----- | ----- | ----- |
| | l) Archeological sites and tourist places | G.C. Bahu | ---------- | | ----- | ----- | ----- | ----- |
| | Total | 01 | 02 | | 00 | 23 | 23 | 06 |
| 6 | Rally in the village (14th August 2018) | Name of Universities /Institutions | No. of rallies Organize in respective cities /Villages by depicting various messages of cleanliness | | No. of NSS Volunteers | | | Total Man Hours Devoted |
| | | | No. of Cities Covered | No. of Villages Covered | Male | Female | Total | |
| | | G.C. Bahu | ------- | One village namely Bahu (Jhajjar) | 00 | 50 | 50 | 02 |
| | Total | 01 | 00 | 01 | 00 | 50 | 50 | 02 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | Review of activities during the fortnight, future plans to sustain the cleanliness. (15th August, 2018) | Name of Universities /Institutions | No. of meetings of NSS Volunteers held in their campuses under the Chairmanship of Head of the Institution for future plans of sustaining cleanliness in the area | No. of Institutions declared as clean Institutions | No. of NSS Volunteers | | |
| | | | | | Male | Female | Total |
| | | G.C. Bahu | 01 | 01 | 00 | 100 | 100 |
| | Total | 01 | 01 | 01 | 00 | 100 | 100 |

NSS Programme Officer

Programme Officer
N.S.S.
Govt. College, Bahu (JJR)

25.08.18
Principal
Principal,
Govt College
Bahu (Jhajjar)

National Service Scheme: - Report for Swachhta Pakhwada (Fortnight) Activities from 1st to 15th August, 2018

| Sr. No. | Name of Programme | Name of Universities/Institutions | No. of NSS Volunteers taken Swachhta Shapath (Oath) Male | Female | Total | Name of the eminent personalities/ speakers invited to address NSS Volunteers |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Swachhta Shapath (oath), seminar and Discussions (1st August 2018) | Govt. College Bahu, Jhajjar | ---- | ---- | ---- | ---- |

| 2. | All the NSS Units Cleaning their Institutions (2nd to 5th August, 2018) | Name of Universities/ Institutions | No. of Area Cleaned | Total Man Hours Devoted | Male | Female | Total | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | a) Classrooms | Govt. College Bahu, Jhajjar | 11550 sq. ft. | 02 | 00 | 14 | 14 | —— |
| | b) Laboratories | | 3864 sq. ft. | 01 | 00 | 07 | 07 | |
| | c) Libraries | | 3264 sq. ft. | 01 | 00 | 07 | 07 | |
| | d) Toilets | | 1996 sq. ft. | 02 | 00 | 14 | 14 | |
| | e) Auditoriums | | 3634 sq. ft. | 01 | 00 | 07 | 07 | |
| | f) Playgrounds | | --- | --- | --- | --- | --- | |
| | g) Lawns | | 31872 sq. ft. | 04 | 00 | 14 | 14 | |
| | h) Roads | | 5000 sq. ft. | 01 | 00 | 07 | 07 | |
| | Total | 01 | 61180 sq. ft. | 12 | 00 | 70 | 70 | |

| 3. | Door to Door Campaigning in the adopted villages/slums on Swacchata (ODF, General cleanliness & hygiene 6th to 8th August, 2018 | Name of Universities/ Institutions | Name of village adopted for door to door campaign about importance of cleanliness | Name of village aware about open defecation free (ODF) | No. of leaflet, handouts distributed on awareness | No. of NSS Volunteers Male | Female | Total | Total Man Hours Devoted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | G. C. Bahu | Khanpur Kalan | Khanpur Kalan | Face to Face Interaction | 00 | 50 | 50 | 08 |
| | Total | 01 | 01 | 01 | ------- | 00 | 50 | 50 | 08 |

Arif
Reenu

Arif
Programme Officer
N.S.S.
Govt. College, Bahu (JJR)

25.08.18
Principal,
Govt. College
Babu (Jhajjar)

Scanned by CamScanner

NSS

# OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVT. COLLEGE BAHU, JHAJJAR

To

The State NSS Officer,

o/o Director General Higher Education Haryana

Panchkula.

Memo. No. 3806 Dated: 25-08-2018

Sub:- Submission the report of Swachhta Pakhwada (Fortnight) Activities 1st to15th August 2018.

Sir,

In compliance to the letter F. No. P-34/NSS/RDD/2018-19 dated 26th July, 2018 of Ministry of Youth Affairs & Sport, Government of India; this is to inform you that this college has organized various activities in "Swachhta Pakhwada" as per the action plan provided with the aforesaid letter. The detail report in the reporting format along with action photographs is enclosed herewith.

Anil

Reena

25.08.18

Principal

Principal,

Govt. College

Bahu (Jhajjar)


Save Water
Save Energy
Grow Plant
Don't use Plastic
EARTH DAY
22 April
Say 'No' to Pollution
Recycle, Reuse
Shot on OnePlus
By Narrenkumar

# पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया



**साल्हावास।** राजकीय महाविद्यालय बहू में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त जग निवास और मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ पंकज ने शिरकत की। एडीसी ने छात्राओं को पृथ्वी दिवस पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। वहीं भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. पंकज ने पृथ्वी को प्रदूषित करने वाले कारकों पर चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र कुमार रहे। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रियांशी बीए द्वितीय वर्ष, तन्नू तृतीय वर्ष, स्वेता बीए द्वितीय वर्ष और मीनू कुमारी बीकॉम तृतीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर अतिरिक्त उपायुक्त, प्राचार्य और विभिन्न विभागों के अध्यक्षों की उपस्थिति में महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। संवाद


on OnePlus

# सकारात्मक दृष्टिकोण से मिलेगी सफलता

संवाद न्यूज एजेंसी

सालहावास। गांव बहु स्थित राजकीय महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाली सभी छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन अर्थात अभिसंस्करण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को प्राचार्य रणबीर सिंह आर्य ने मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि अनुशासन के बिना कोई भी संस्था कार्य नहीं कर सकती। अतः सभी छात्राओं को अनुशासित होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि अपना दृष्टिकोण सकारात्मक बनाए रखें, लगन और परिश्रम से सफलता को अर्जित करें। सफलता के लिए रणनीति बनाए क्योंकि इसका कोई शॉर्ट कट नहीं है। अपना दृढ़ निश्चय करें, समय प्रबंधन का ध्यान रखें, काम के प्रति नियमितता बनाए रखें, आत्म बल को पहचानते हुए सकारात्मक सोच रखें। विधार्थी अपने अभिभावक, अपनी संस्था अर्थात महाविद्यालय, समाज व अपने राष्ट्र के प्रति हो हमेशा वफादार रहें। क्या करें या क्या न करें, इसके लिए नीतिशास्त्र को समझें।



बहु राजकीय महाविद्यालय की छात्राएं ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेती हुई। संवाद

प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जितेंद्र ने बताया कि महाविद्यालय कई प्रकार की उपलब्धियां को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने महाविद्यालय में समय-समय पर होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। तथा सभी कमेटी/प्रकोष्ठ के इंचार्जों के द्वारा करवाए जाने वाले कार्यों/ गतिविधियों की जानकारी दी। मंच संचालन डॉ. मोहन कुमार द्वारा किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# नए शैक्षणिक सत्र पर ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



छात्राओं को शपथ दिलाते कॉलेज के स्टाफ सदस्य। संवाद

**साल्हावास।** गांव बहु झोलरी स्थित राजकीय महाविद्यालय बहु में नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत हुई। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. सुखबीर सिंह ने महाविद्यालय की वर्ष भर होने वाली शैक्षिक गतिविधियों के बारे में बताया। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने इस पूरे कार्यक्रम का संयोजन किया।

छात्राओं से अनुरोध किया कि सभी छात्राएं महाविद्यालय में कोरोना दिशा-निर्देशों का पालन करें। डॉ मोहन कुमार ने खेल व रोजगार प्रकोष्ठ के साथ साथ कोरोना दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। प्रोफेसर आदित्य गोयल, पुस्तकालय प्रभारी डॉ. पंकज भारद्वाज, एनएसएस प्रभारी प्रो. पूजा शर्मा, प्रो. नरेंद्र कुमार, डॉ. रविन्द्र, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो.रीना आदि ने अपने-अपने विषयों के बारे में जानकारी दी।

अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजकुमार वर्मा ने अपने संदेश में महाविद्यालय की छात्राओं का नए शैक्षिक सत्र में स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
Govt. College Bahu (Jhajjar)

# स्वयंसेविकाओं ने गोगा मंदिर में चलाया सफाई अभियान




गांव बहु में सफाई अभियान के दौरान स्वयंसेविकाएं। संवाद

सास्लावास। क्षेत्र के गांव बहु स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शुरू किए गए। सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने सर्व प्रथम गोगा मंदिर व उसके आस-पास की साफ सफाई की गांव खानपुर कलां में रैली निकालकर ग्रामीणों व आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मोहन कुमार ने नशा मुक्त भारत में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया। इससे युवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह आर्य ने स्वयं सेविकाओं को इस प्रकार से किए जाने वाले सामाजिक कार्यों में पूर्ण सहयोग करने की अपील की। महाविद्यालय के प्रशासनिक प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि समाज में बदलाव लाने से पूर्व हमें स्वयं को बदलना बहुत जरूरी है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ने स्वयं सेविकाओं से अपील की कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। संवाद



राजकीय महाविद्यालय बहू (झज्जर)

रिपोर्ट दिनांक: 12/12/2019

राजकीय महाविद्यालय बहू की एन. एस. एस. इकाई द्वारा खानपुर कलाँ (Adopted village) में सत्र 2019-20 में जुलाई से अक्टूबर तक निम्नलिखित कार्य किए गए। जिनका विवरण इस प्रकार है।

"स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2.0" अभियान के तहत स्वयंसेविकाओं ने गाँव में साफ-सफाई की, रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। इस रैली के माध्यम से छात्राओं ने लोगों को पॉलिथीन का कम से कम प्रयोग करने की सलाह दी। स्वंयसेविकाओं ने वर्षा के मौसम में लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। स्वंयसेविकाओं ने शौचालय को लेकर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया।

"पोषण माह" के अन्तर्गत एन. एस. एस. स्वंयसेविकाओं ने लोगों को रैली के द्वारा संतुलित आहार के लाभ तथा जंक फुड की हानियों के बारे में बताया। स्वंयसेविकाओं ने लोगों को कुपोषित भोजन से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराया। गाँधी जयंती के अवसर पर स्वंयसेविकाओं ने गलियों, सड़कों, नालियों की साफ-सफाई की और लोगों का स्वच्छता का संदेश दिया।

(Signature)
एन. एस. एस.
प्रोग्राम अधिकारी

(Signature)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बहू
(झज्जर)

Principal
Govt. College
Bahu (Jhajjar)




स्वच्छता जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं। संवाद

# छात्राओं ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

**साल्हावास ।** राजकीय महाविद्यालय बहु में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएएस) के तत्वावधान में स्वयं सेविकाओं ने गांव बहु में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता का संदेश देते हुए रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। एनएसएस प्रभारी प्रो पूजा शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता, अच्छा स्वास्थ्य और आत्मविश्वास दैनिक दिनचर्या में हमारी सहायता करते है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ सुनील कुमार ने स्वयं सेविकाओं को जागरूक करते हुए बताया कि सभी छात्राएं देश का भविष्य हैं। यदि सभी छात्राएं स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगी और अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी तो महात्मा गांधी का स्वच्छ भारत का सपना अवश्य पूरा होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रणवीर सिंह आर्य ने अपने संदेश में बताया कि समाज में सभी व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रूप से कुशल रहें। यह कुशलता तभी संभव होगी जब समाज में प्रत्येक व्यक्ति अपने चारों ओर स्वच्छ वातावरण बनाए रखेगा। सभी गंदगी से निजात पाएंगे, तभी मन की शांति एवं शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। इसके साथ-साथ व्यक्ति विभिन्न प्रकार की बीमारियों से दूर रहेगा। इस अवसर पर डॉ रीना, डॉ सुखबीर सिंह, प्रो कुलबीर सिंह, डॉ पंकज भारद्वाज, प्रो आदित्य गोयल, प्रो नरेंद्र कुमार, प्रो सुनील कुमार, डॉ रविंद्र सिंह, डॉ सुचित्रा, प्रो मोनिका, प्रो रेखा , प्रोफेसर संगीता आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। संवाद

रविता, सुमन, मंजू, ... मोनिका, मीटा, राहुल मौजूद रहे।

# छात्राओं ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**साल्हावास** | गांव स्थित राजकीय कॉलेज की एनएसएस ईकाई की स्वयंसेविकाओं ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें गांव की गली-मोहल्लें में झाड़ू लगाकर सफाई कर लोगों को सफाई से रहने का संदेश दिया। कॉलेज की एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर पूजा शर्मा और प्राचार्य डा. राजकुमार वर्मा ने बताया कि कॉलेज की एनएसएस ईकाई की स्वयंसेविकाओं ने सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छ भारत अभियान में अपना योगदान दिया। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने सभी छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# एनएसएस राष्ट्रीय शिविर में दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

झज्जर | गांव खानपुर कलां में चल रहे बहु झोलरी के राजकीय कॉलेज की एनएसएस इकाई के स्वयंसेविकाओं गोगा जी मंदिर में सफाई की। सात दिवसीय इस विशेष शिविर का बुधवार को पांचवां दिन था। स्वयंसेविकाओं ने गांव में "स्वच्छ भारत अभियान" को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए नारे लगाए।

उन्होंने लोगों को खुले में कूड़ा-कचरा न फेंकने के प्रति जागरूक किया। बिरोहड़ के राजकीय कॉलेज से डॉ. अनिता फोगाट ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज बेटियां, बेटे की तुलना में हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। बेटियां अभिशाप नहीं वरदान है। यही भावना को जन-जन तक भी पहुंचाना होगा। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. रीना व सहप्रभारी प्रो. मोनिका व डॉ. अजय कादयान आदि मौजूद रहे।











# सरकारी कॉलेज में छात्राओं ने की सफाई



सालहवास | राजकीय महाविद्यालय बहु में राष्ट्रीय सेवा योजना ने एक दिवसीय शिविर लगाया। इस में एन एनएस इकाई की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। एन एनएस प्रभारी प्रो. पूजा शर्मा ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और महाविद्यालय में होने वाली एन एनएस की गतिविधियों के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. राज कुमार वर्मा ने एन एनएस इकाई की छात्राओं की प्रशंसा की। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जितेंदर भारद्वाज ने शिविर के आयोजन पर हौसला बढ़ाया । इस दौरान समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की

सात्हावास। राजकीय महाविद्यालय बहु में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनएसएस इकाई की छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की।

महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी प्रो. पूजा शर्मा ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राज कुमार वर्मा ने अपने संदेश में एनएसएस इकाई की छात्राओं की प्रशंसा की।

महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने शिविर के आयोजन पर बधाई दी। संवाद




APCPL
(CSR)
सांस्कृतिक कार्यक्रम




SAVE GIRL


ORANE
(JHAJJAR)
2022



कारगिल विजय दिवस की 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया व इंडेप्थ विजन फाउंडेशन ने पौधरोपण का अभियान चलाया। संस्थाओं द्वारा 24 स्थानों पर 60 त्रिवेणी लगाई गई। संवाद



गांव सुलौधा स्थित इंडियन हाई स्कूल में बुधवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इसमें प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल डायरेक्टर राजबीर यादव व प्राचार्य रेखा देवी ने भी विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस के बारे में जानकारी दी। संवाद



साल्हावास के राजकीय महाविद्यालय बहु के प्रांगण में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को नमन करते हुए उनकी स्मृति में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। संवाद


Shot on OnePlus
By Preeti Cha


CELEBRATION



# अधिकारों के प्रति सजग रहना जरूरी'

## अधिकार दिवस पर स्कूल-कालेजों में कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक किया



मानव अधिकार दिवस पर गांव बहु स्थित महाविद्यालय में व्याख्यान के दौरान मौजूद छात्राएं और प्राध्यापक। संवाद

### शहीद जगबीर सिंह कॉलेज में लगाई प्रदर्शनी

झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के द्वारा सिलाना गांव के शहीद जगबीर सिंह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय में कार्यरत अंग्रेजी प्राध्यापिका मीनाक्षी ने बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि मनुष्य को जन्म से ही मिले अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष मानवाधिकार दिवस को मनाया जाता है। उन्होंने इस वर्ष के थीम सभी के लिए गरिमा, स्वतंत्रता एवं न्याय की विस्तृत व्याख्या करते हुए बच्चों को जानकारी प्रदान की। विद्यालय प्रभारी मधु ने बच्चों को अधिकार और कर्तव्य को समझाकर लेकर चलते हुए आदर्श नागरिक की भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान लगाई गई प्रदर्शनी में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, थाने में महिलाओं के अधिकार, बाल श्रम, महिला अधिकार जैसे संवेदनशील विषयों पर आधारित जानकारी से परिपूर्ण चित्रण को प्रदर्शित किया गया। संवाद

### मानवाधिकार दिवस पर स्कूल में हुआ व्याख्यान का आयोजन



बहादुरगढ़। क्षेत्र के गांव बिरोहड़ स्थित राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ रणबीर सिंह आर्य के दिशा निर्देशन में विश्व मानवाधिकार विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रशासनिक अधिकारी राजनीतिक शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता शर्मा ने विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया। उन्होंने बताया की मानव अधिकारों का आशय ऐसे अधिकारों से है जो जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, भाषा, धर्म या किसी अन्य आधार पर भेदभाव किए बिना सभी को प्राप्त हों। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2022 की मानवाधिकार का थीम है गरिमा, स्वतंत्रता और सभी के लिए न्याय। भारत में 28 सितंबर 1993 को इस अधिनियम को लागू किया गया था। इससे पहले भारतीय संविधान के अध्याय तीन में मौलिक अधिकारों का वर्णन अनुच्छेद 12 से 35 तक किया गया है। इस अवसर पर डॉ अमरदीप, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ हरीश, डॉ नरेंद्र कुमार, सहायक प्रोफेसर प्रवीन, सहायक प्रोफेसर ओमबीर, डॉ अजय कुमार, मोनिका, डॉ. मीनू सिंह आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। संवाद

### मानवाधिकार दिवस पर व्याख्यान का किया आयोजन

बहादुरगढ़। गांव बहु स्थित राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को मानव अधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासनिक अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुखबीर सिंह ने किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मोहन कुमार ने मानव अधिकार दिवस के परिपेक्ष्य में न्याय, समानता, गरिमा, स्वतंत्रता पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इतिहास विभाग के प्राध्यापक प्रो अमित मोहन ने संयुक्त राष्ट्र संघ और उसके विभिन्न घटकों के कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रविंद्र कुमार व प्रो. मोनिका ने अधिकार और कर्तव्य के परस्पर संबंध पर अपने-अपने विचार प्रकट किए। तथा ज्योग्राफी विभाग की प्राध्यापिका प्रो रेखा बाई ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में प्रो मोनिका ने धन्यवाद ज्ञापन किया। महाविद्यालय के प्रशासनिक प्रभारी विनोद कुमार भारद्वाज ने मानवाधिकार दिवस के औचित्य एवं उसकी प्रासंगिकता पर बल देते हुए छात्राओं को उसके मूल्यों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया तथा मानवाधिकार दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाने पर समस्त स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यगण मौजूद रहे। संवाद


Govt. COLLEGE BAHU (J.J.R.)



राष्ट्रीय मतदाता दिवस
राजकीय महाविद्यालय, बहू (झज्जर)


राष्ट्रीय मतदाता दिवस
राजकीय महाविद्यालय, बहू (झज्जर)


HAPPY NEW YEAR 2019

# कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बहु (झज्जर)

## रिपोर्ट

दिनांक:- 25/01/2023

उच्चतर शिक्षा निदेशक (हरियाणा) शिक्षा सदन, सेक्टर-5, पंचकूला के पत्र क्रमांक 9/23-2023 Co(3) दिनांक 24/01/2023 की अनुपालना करते हुए आज दिनांक 25 जनवरी, 2023 को राजकीय महाविद्यालय बहु में "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निबंध लेखन, स्लोगन लेखन एवं भाषण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ॰ सुखवीर सिंह द्वारा की गई। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ॰ सुनील कुमार एवं डॉ॰ मोहन कुमार ने मत एवं मतदाता विषय पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए, छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया। भूगोल विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती रेखा बाई ने छात्राओं को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्रशासनिक प्रभारी डॉ॰ जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने छात्राओं को मतदान का महत्व बताते हुए वोट बनवाने एवं वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ॰ रीना, प्रो॰ कुलबीर सिंह, प्रो॰ आदित्य गोयल, प्रो॰ नरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, डॉ॰ रविंद्र सिंह, डॉ॰ सुचित्रा, संगीता, मोनिका मौजूद रहे।

25.1.2023

प्राचार्य
Principal
राजकीय महाविद्यालय बहु
Distt. Jhajjar (Hry.)
झज्जर


YOUTH DAY
ON
GOVT. COLLEGE BAHU
(JHAJJAR)


YOUTH DAY
ON
COLLEGE BAHU
JHAJJAR


Shot on OnePlus

# राजकीय महाविद्यालय बहु में मनाया आजादी का अमृत महोत्सव




राजकीय महाविद्यालय बहु में मौजूद स्टाफ ।

भास्कर न्यूज | साल्हावास

राजकीय महाविद्यालय बहु में बुधवार को इतिहास विभाग के तत्वावधान में \'आजादी का अमृत महोत्सव\' मनाया गया। तथा इसी कड़ी में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो.आदित्य गोयल और प्रो. नरेंद्र कुमार ने बताया कि यू ही सरदार पटेल को लौहपुरुष नहीं कहा जाता उनका आजादी के साथ-साथ और आजादी के बाद रियासतों को मिलाकर एक अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने बताया कि पटेल जी का योगदान अद्वितीय और विस्मरणीय है। आजादी के समय की एक महान विभूति थे और उनके द्वारा किए गए कामों से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने अपने संदेश में बताया कि पटेल जी ने रियासती समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जो कार्य व संघर्ष किए हैं, वे हर पीढ़ी को याद रहेंगे। डॉ. मोहन कुमार ने पटेल के कार्यों का बखान किया और बताया कि उनके कार्य हमेशा हमारे लिए प्रेरणा दायक रहेंगे और आने वाली पीढ़ियां हमेशा उनके बताए गए मार्ग पर अग्रसर रहेंगी।

# सरदार पटेल की पुण्य तिथि पर व्याख्यान आयोजित



सालहावास। गांव बहु झोलरी स्थित राजकीय महाविद्यालय बहु में बुधवार को इतिहास विभाग के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. आदित्य गोयल और प्रो. नरेंद्र कुमार ने कहा कि यूं ही सरदार पटेल को लौह पुरुष नहीं कहा जाता। उनका आजादी के साथ-साथ और आजादी के बाद रियासतों को मिलाकर एक अखंड भारत का निर्माण करने में अहम योगदान था। पटेल का योगदान अद्वितीय और अविस्मरणीय है। वह आजादी के समय की एक महान विभूति थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि सरदार पटेल ने रियासती समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जो कार्य व संघर्ष किये, वे हर पीढ़ी को याद रहेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

# GOVT. COLLEGE BAHU, JHAJJAR

**Poster Making Competition on Rashtriya Ekta**

**Date:- 31/10/2018**

| Sr. No. | Name | Class | Roll No. | Signature of Participant |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Manu Bala | B.A 5th Sem | 100220051 | Manubala |
| 2 | Himanshi | B.A 1st Sem | 2150220051 | Himanshi |
| 3 | Preeti | B.A 1st Sem | 2150220111 | Preeti |
| 4 | Ravin | B.A 5th Sem | 100220050 | Ravin |
| 5 | Ankita | B.A 1st Sem | 2150220056 | Ankita |
| 6 | Ekta | B.A 3rd Sem | 1410220021 | Ekta |
| 7 | Monika | B.A 5th Sem | 100220075 | Monika |
| 8 | Monika | B.A 5th Sem | 100220073 | Monika |
| 9 | Jyoti | B.A 5th Sem | 100220082 | Jyoti |
| 10 | | | | |
| 11 | | | | |
| 12 | | | | |
| 13 | | | | |
| 14 | | | | |
| 15 | | | | |

In-charge

Principal
Principal,
Govt. College
Bahu (Jhajjar)


"RUN FOR UNITY"
31 October

# Notice

All the Students are hereby informed that the college is going to Celebrate Sardar Vallabhbhai Patel's Birth Anniversary as " Rashtriya Ekta Diwas " on dated 31st october 2018. There will be a pledge taking Ceremony/ Run for Unity on 31st october 2018.

Sd/-
29/10/2018

Sd/-
Principal,
Govt. College
Babu (Thajjar)
Principal
Govt. College Bahu
(Jhajjar)

01/11/2018 D.B.

# पोस्टर मेकिंग में ज्योति प्रथम और दीप्ति दूसरे स्थान पर रही

माल्हावास | राजकीय महाविद्यालय बहू में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर सुदर्शन कुमार ने किया। डॉक्टर चंद्रभान व डॉक्टर रविंद्र सिंह सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। डॉक्टर अनिल कुमार ने कार्यक्रम में मंच संचालन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ज्योति प्रथम, प्रीति द्वितीय, व दोनों मोनिका तृतीय स्थान पर रही। इस उत्सव पर डॉ मुकेश कुमार, प्रोफेसर सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, रविंद्र, रेखा, मोनिका प्रीति व महेश उपस्थित रहे।

# आवश्यक सूचना

महाविद्यालय की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती दिनांक 31 अक्टूबर 2018 के अवसर पर "राष्ट्रीय एकता" विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी अपना नाम इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु डा॰ अनिल कुमार, सहायक प्राध्यापक गणित को नोट करवाएँ।

Principal,
Govt. College
Babu (Jhajjar)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बहू
झज्जर


GOVT. COLLEGE BAHU
(JHAJJAR)



..., मोटा, राहुल मौजूद रहे।

# छात्राओं ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**साल्हावास** | गांव स्थित राजकीय कॉलेज की एनएसएस ईकाई की स्वयंसेविकाओं ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें गांव की गली-मोहल्लें में झाड़ू लगाकर सफाई कर लोगों को सफाई से रहने का संदेश दिया। कॉलेज की एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर पूजा शर्मा और प्राचार्य डा. राजकुमार वर्मा ने बताया कि कॉलेज की एनएसएस ईकाई की स्वयंसेविकाओं ने सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छ भारत अभियान में अपना योगदान दिया। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने सभी छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।




**स्वच्छता जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं।** संवाद

# छात्राओं ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

**साल्हावास ।** राजकीय महाविद्यालय बहु में राष्टीय सेवा योजना इकाई (एनएएस) के तत्वावधान में स्वयं सेविकाओं ने गांव बहु में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता का संदेश देते हुए रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। एनएसएस प्रभारी प्रो पूजा शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता, अच्छा स्वास्थ्य और आत्मविश्वास दैनिक दिनचर्या में हमारी सहायता करते है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ सुनील कुमार ने स्वयं सेविकाओं को जागरूक करते हुए बताया कि सभी छात्राएं देश का भविष्य हैं। यदि सभी छात्राएं स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगी और अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी तो महात्मा गांधी  का स्वच्छ भारत का सपना अवश्य पूरा होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रणवीर सिंह आर्य ने अपने संदेश में बताया कि समाज में सभी व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रूप से कुशल रहें। यह कुशलता तभी संभव होगी जब समाज में प्रत्येक व्यक्ति अपने चारों ओर स्वच्छ वातावरण बनाए रखेगा। सभी गंदगी से निजात पाएंगे, तभी मन की शांति एवं शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। इसके साथ-साथ व्यक्ति विभिन्न प्रकार की बीमारियों से दूर रहेगा। इस अवसर पर डॉ रीना, डॉ सुखबीर सिंह, प्रो कुलबीर सिंह, डॉ पंकज भारद्वाज, प्रो आदित्य गोयल, प्रो नरेंद्र कुमार, प्रो सुनील कुमार, डॉ रविंद्र सिंह, डॉ सुचित्रा, प्रो मोनिका, प्रो रेखा , प्रोफेसर संगीता आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। संवाद


Govt. College
Bahu (Jhajjar)
महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में
महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट द्वारा
क सप्ताह का स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है
NSS UNIT Adopted Vill. Bahu


Govt. College
Bahu (Jhajjar)
NSS UNIT
Adopted Vill. Bahu

राजकीय महाविद्यालय बहु

"महात्मा गाँधी जयंती की 150वीं वर्षगांठ, कार्यक्रम"

रिपोर्ट  दिनांक:- 01.10.2019

निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा, शिक्षा सदन सेक्टर-5, पंचकूला के आदेश क्रमांक 27/ 2019 C.O.(2) तिथि 26-09-2019 के अनुसार दिनांक 01-10-2019 को महाविद्यालय में महात्मा गाँधी जयंती की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। आयोजन के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी व पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में A, B, ... E, F (छह) टीमें व पेंटिंग प्रतियोगिता में नौ छात्राओं ने भाग लिया। स्टाफ सदस्यों प्रो. डॉ० मोहन, डॉ० अनिल, डॉ. सुनील, रीना, कुलवीर, चन्द्र... डॉ० रवीन्द्र सागवान, मोनिका, रेखा आदि ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, अनुशासित ढंग से व विजेताओं का चयन करने में सराहनीय भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ० मुकेश ने छात्राओं को महात्मा गाँधी के सिद्धांतों को जीवन व्यवहार में अपनाने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल-मंगलमय भविष्य की कामना की।

प्रभारी
डॉ० सुखबीर सिंह
रा.म.वि. बहु।

Mukesh Kumar

Govt. College Bahu (Jhajjar)
Talent Search Programme 2018-2019
BILL FOR PAYMENT OF PRIZES

12/14

| S. No. | Name of Event | Name of Students | Class/Roll No. | | Position | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Mehandi Competition | Pooja 3C2NR5 | B.A 2nd | 78 | Ist | 300 |
| | | Khushboo GB2NKQ | " | 72 | 2nd | 200 |
| | | Himanshi 4F2N1Q | B.A Ist | 51 | 3rd | 100 |
| | | Akansha YG2NOC | B.A 3rd | 18 | 3rd | 100 |
| 2. | Collage Competition | Chinky HH2N3A | B.Com Ist | 13 | Ist | 300 |
| | | Ekta ODA8P1 | B.A 2nd | 21 | 2nd | 200 |
| | | Palak GF2NBN | B.A 2nd | 18 | 3rd | 100 |
| 3. | Clay Modeling | Payal GG2NUC | B.Com Ist | 05 | Ist | 300 |
| | | Neha GE2NBO | B.A 2nd | 48 | 2nd | 200 |
| | | Ekta ODA8P1 | B.A 2nd | 21 | 3rd | 100 |
| 4. | Rangoli Competition | Gayatri GG2NE1 | B.Com 3rd | 07 | Ist | 300 |
| | | Preeti HA2N3Q | B.A Ist | 111 | 2nd | 200 |
| | | Rohini Yadav GA2NEP | B.Com 2nd | 10 | 3rd | 100 |
| 5. | Best Out of Waste | Madhu HI2N3R | B.A Ist | 133 | Ist | 300 |
| | | Nisha 4B2NQE | B.A Ist | 22 | 2nd | 200 |
| | | Payal GG2NUC | B.Com Ist | 05 | 3rd | 100 |
| 6. | Poem Recitation | Keerti GG2NQP | B.A Ist | 82 | Ist | 300 |
| | | Kavita 7B58L2 | B.A Ist | 17 | 2nd | 200 |
| | | Ravin 3C2N4A | B.A 3rd | 50 | 3rd | 100 |
| 7 | Solo Dance Competition | Akansha Dutta GE2NE3 | B.A 2nd | 103 | Ist | 300 |
| | | Arti JLADSQ | B.A Ist | 54 | 2nd | 200 |
| | | Preeti HA2N3Q | B.A Ist | 111 | 3rd | 100 |
| | | | | | | 4300/- |

Checked & passed for Rs 4300/-
Out of Teachers Tanght Fund / Grant
Bursar 14/11/18
G.C.W. Bahu

Passed For payment Rs. 4300/-
Out of Teachers Taught Fund / Grant
PRINCIPAL 14.11.18
G.C.W. Bahu

Bill for Refreshment of Cultural Programme (Basant Mahotsav) on dated 19/02/2020 & 20/02/2020

| Sr. No. | Name of the Event/ Competition | No. of Students |
|---|---|---|
| 1 | Mehandi | 08 |
| 2 | Rangoli | 05 |
| | Collage | 08 |
| 3 | Best out of Waste | 05 |
| 4 | Slogan Writing | 05 |
| 5 | Poster Making | 05 |
| 6 | Poetic Recitation | 27 |
| 7 | Speech | 20 |
| 8 | Solo Song | 28 |
| 9 | Solo Dance | 20 |

No. of Effective Students for Refreshment on dated 19/01/2020 & 20/01/2020 (Excluding the Repetition) => 36+94=130 Students

Total Amount = 130x12= Rs. 1560/- (One Thousand Five Hundred And Sixty Only)

Certified that Rs. 1560/- have been distributed in cash to the participants of different events @ 12/- per student/participant.

Payment is paid by me
Incharge

(Narender Kumar)
Incharge Refreshment Committee

Checked & passed for Rs. 1560/-
Out of Cultural Programme
Funds 06/03/2020
S.C.W. Pehowa

Passed for payment Rs. 1560/-
Out of Cultural Fund
Mukesh Kumar
Principal
S.C.W. Pehowa

'राजकीय महाविद्यालय बहु'

प्रतिभा खोज कार्यक्रम

रिपोर्ट

दिनांक:- 26-11-202[illegible]

आज दिनांक 26/11/2021 को महाविद्यालय में 'प्रतिभा खोज कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत हिन्दी कविता, अंग्रेजी कविता, हरियाणवी कविता, उर्दू कविता, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, हरियाणवी नृत्य-गीत, गजल, भजन आदि पर छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। मंच संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ० सुखबीर सिंह द्वारा किया गया। प्रशासनिक प्रभारी डॉ० सुनील कुमार ने छात्राओं को इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० राजकुमार वर्मा ने बताया कि विद्यार्थी देश के भविष्य हैं। उन्होंने समस्त स्टाफ सदस्यों को 'प्रतिभा खोज कार्यक्रम' गरिमा-पूर्ण ढंग से मनाने पर बधाई दी एवम् छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ० मोहन कुमार, श्रीमती रीना, श्री कुलबीर सिंह, डॉ० पंकज भारद्वाज, श्री आदित्य गोयल, श्रीमती पूजा शर्मा, श्री सुनील कुमार, डॉ० रवीन्द्र सिंह, कुमारी मोनिका, श्रीमती रेखा बाई, डॉ० चन्द्रभान, डॉ० सुचिता, श्रीमती संगीता आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

S/-

डॉ० सुखबीर सिंह

संयोजक

Principal,
Govt. College
Bahu (Jhajjar)

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बहू (झज्जर)

## रिपोर्ट

दिनांक 15/10/2022

आज दिनांक 15/10/2022 को महाविद्यालय में 'प्रतिभा खोज कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हिन्दी कविता, अंग्रेजी कविता, हरियाणवी कविता, उर्दू कविता, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, हरियाणवी नृत्य–गीत, गजल, भजन, रागनी आदि पर छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। मंच संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 सुखवीर सिंह द्वारा किया गया। प्रशासनिक प्रभारी डॉ0 जितेन्द्र कुमार भारद्वाज ने छात्राओं को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने हेतू प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 रणवीर सिंह आर्य ने समस्त स्टाफ सदस्यों को 'प्रतिभा खोज कार्यक्रम' गरिमापूर्ण ढंग से मनाने पर बधाई दी एवं छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ0 सुनील कुमार, डॉ0 मोहन कुमार, श्रीमती रीना, श्री कुलबीर सिंह, डॉ0 पंकज भारद्वाज, श्री आदित्य गोयल, श्रीमती पुजा शर्मा, श्री नरेन्द्र कुमार, श्री सुनील कुमार, डॉ0 रविन्द्र सिंह, श्रीमती रेखा बाई और कुमारी मोनिका, डॉ0 सुचित्रा, श्रीमती संगीता आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम प्रभारी
सुखवीर सिंह
सहायक प्रोफेसर (हिन्दी)

15/10/22
प्राचार्य
Principal
GOVT. COLLEGE BAHU
Distt. Jhajjar (Hry.)
राजकीय महाविद्यालय
बहू (झज्जर)